प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

000001

<u>22.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 08:50 बजे</u>

000000000

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी कड़ी में सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन और झंडूता मंडल के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेंगे। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप कसौली विधानसभा क्षेत्र में जबकि भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सुलह विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत मंडी संसदीय क्षेत्र के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगी।

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज से हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा और लाहौल स्पीति का दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आज हमीरपुर के बड़ाघाट, लुहणू और भराड़ी में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

<u>निकासी केंद्र</u>

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिमला के समीप आईटीआई चौड़ा मैदान में राज्य निकासी केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में आज प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलेट का आदान–प्रदान होगा। रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने इस संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के 4 श्रेणी के कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट का आदान–प्रदान इस केन्द्र में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग की उपस्थिति में होगा। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों में चुनावी ड्यूटी पर तैनात

पुलिस के जवान, मतदान कर्मी, वीडियोग्राफर व अन्य कर्मचारी तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक व परिचालक शामिल रहेंगे।

मतदान प्रक्रिया

इस बीच प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए कल से होम वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत मोबाइल पोलिंग पार्टियां, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के वोट करवाने के लिए घर–घर पहुंच रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शिमला में आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि प्रपत्र 12–डी के माध्यम से 48 हजार 919 आवेदनों में से अब तक 37 हजार 362 प्रपत्र स्वीकार किए गए हैं। इसी कड़ी में किन्नौर जिला में कल 112 मतदाताओं ने पोस्टल बेलेट के माध्यम से अपने घरों से मतदान किया। वहीं कुल्लू में भी मतदान के लिए मोबाइल टीमों को घर–घर जाकर मतदान के लिए रवाना किया गया। सहायक रिर्टनिंग एवं उपमंडल अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि ये मोबाइल टीमें घर–घर जाकर दिव्यांग जनों और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के मत एकत्रित करेगी। इसी बीच ऊना में भी मोबाइल पोलिंग टीमों ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी गोपनीयता के साथ पात्र मतदाताओं से घर पर मतदान संपन्न करवाया।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल स्वीप के मिशन–414 के तहत सोलन के विभिन्न स्थानों में विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बुजुर्ग, दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के घर–घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने (स्वीप) के अंतर्गत स्वीप आइकन के वीडियो संदेश जारी किए। वहीं कुल्लू के विभिन्न स्थानों पर अनेक तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं लोकतंत्र की मशाल कार्यक्रम का भी जिला भर में मशाल यात्रा निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही है। स्वीप

कार्यक्रम के अंतर्गत शिमला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में कल मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मशोबरा तथा चियोग स्कूल के अध्यापकों, बच्चों व स्थानीय व्यापारियों तथा जनता को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारियों ने एकत्रित अध्यापको और स्थानीय जनता को मतदान से संबंधित शपथ भी दिलवाई। स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **आपका फैसला** का शीर्षक है **हिमाचल में प्रचंड गर्मी का कहर जारी, प्रदेश के 10 जिले बेहाल। हिमाचल दस्तक** का कहना है **प्रदेश में 25 मई तक जारी रहेगा गर्म हवाओं का दौर, अलर्ट जारी। दैनिक भास्कर** के अनुसार **राजगढ़ में गौशाला तक पहुंची जंगल की आग, चार मवेशी जिंदा जले, अब तक आग की 600 घटनाएं।**

पंजाब केसरी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखा है **मैंने ऊना से चलाई 9 रेलगाड़ियां, कांग्रेसी अपने सांसदों का हिसाब लाएं। दिव्य हिमाचल** ने बकौल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लिखा है **रेल के नाम पर भ्रमित की गई हमीरपुर की जनता।**

हाईकोर्ट से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **आज भी जारी रहेगी सी पी एस नियुक्ति मामले पर सुनवाई।**

सतलुज बेसिन में एक वर्ष में बन गईं 52 नई झीलें शीर्षक से अमर उजाला ने लिखा है सैटेलाइट से मॉनीटरिंग में हुआ खुलासा।

चुनाव आयोग ने दी पदोन्नति, नियुक्ति व तबादलों के 61 मामलों को स्वीकृति दैनिक जागरण की एक खबर है।